भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
उपभोक्ता मामले विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 890
जिसका उत्तर बुधवार, 04 फरवरी, 2026 को दिया जाएगा

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण द्वारा लगाया गया जुर्माना

890. डॉ. थोल तिरूमावलवन:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) द्वारा लगाए गए जुर्माने के संबंध में ब्यौरा है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार के पास भ्रामक विज्ञापन पर सीसीपीए द्वारा लगाए गए जुर्माने के संबंध में ब्यौरा है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री
(श्री बी. एल. वर्मा)

(क) से (घ): उपभोक्ता मामले विभाग प्रगतिशील कानून लागू करके उपभोक्ताओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के तहत, केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) को दिशा-निर्देश जारी करने और क्लास एक्शन शुरू करने के माध्यम से अनुचित व्यापार प्रथाओं, भ्रामक विज्ञापनों और उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन से उत्पन्न होने वाले उपभोक्ता नुकसान को रोकने के लिए हस्तक्षेप करने का अधिकार है, जिसमें उत्पादों की वापसी, रिफंड और रिटर्न शामिल है। इसका मुख्य कार्य उपभोक्ताओं और सार्वजनिक हित के लिए हानिकारक झूठे या भ्रामक विज्ञापनों को रोकना और विनियमित करना है।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 21(2) के अनुसार, झूठे या भ्रामक विज्ञापन के मामले में, सीसीपीए विनिर्माता या पृष्ठांकनकर्ता पर 10 लाख रुपये तक और बार-बार उल्लंघन के मामले में 50 लाख रुपये तक का जुर्माना लगा सकता है। धारा 21 (4) निर्दिष्ट करती है कि यदि कोई व्यक्ति भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करते हुए पाया जाता है, या प्रकाशन का पक्षकार है, तो सीसीपीए दस लाख रुपये तक का जुर्माना लगा सकता है।

सीसीपीए की स्थापना के बाद से और 30 जनवरी, 2026 तक एक वर्ग के रूप में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए सीसीपीए द्वारा लगाया गया जुर्माना ₹ 2,57,40,500/ है। जुर्माने का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

***

अनुलग्नक

"केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्रधिकरण द्वारा लगाया गया जुर्माना" के संबंध में दिनांक 04.02.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 890 के उत्तर के भाग (क) से (घ) में उल्लिखित अनुलग्नक

क्र. सं.	कंपनी का नाम	मामले की प्रकृति	लगाया गया जुर्माना
1	नापतोल ऑनलाइन शॉपिंग प्राइवेट लिमिटेड	भ्रामक विज्ञापन	1000000
2	विजय सेल्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड	भ्रामक विज्ञापन	100000
3	माय बूस्टर रिटेल्स प्राइवेट लिमिटेड	भ्रामक विज्ञापन	100000
4	अमेज़न सेलर्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड	अनुचित व्यापार प्रथा/भ्रामक विज्ञापन	100000
5	स्नैपडील प्राइवेट लिमिटेड	अनुचित व्यापार प्रथा/भ्रामक विज्ञापन	100000
6	फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड	अनुचित व्यापार प्रथा/भ्रामक विज्ञापन	100000
7	क्लूज़ नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड (शॉपक्लूज़)	अनुचित व्यापार प्रथा/भ्रामक विज्ञापन	100000
8	वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (पेटीएम मॉल)	अनुचित व्यापार प्रथा/भ्रामक विज्ञापन	100000
9	टेकशिव सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड	अनुचित व्यापार प्रथा/भ्रामक विज्ञापन	100000
10	सोहिल इम्पेक्स	अनुचित व्यापार प्रथा/भ्रामक विज्ञापन	100000
11	क्लाउडटेल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	अनुचित व्यापार प्रथा/भ्रामक विज्ञापन	100000
12	हार्डट्रैक कंप्यूटर्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड	अनुचित व्यापार प्रथा/भ्रामक विज्ञापन	100000
13	आइडल ब्रेन ई-टेल	अनुचित व्यापार प्रथा/भ्रामक विज्ञापन	100000
14	श्योर विजन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड	भ्रामक विज्ञापन	1000000
15	एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड	भ्रामक विज्ञापन	200000

16	ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड	भ्रामक विज्ञापन	100000
17	स्काईवे करियर हब	अनुचित व्यापार प्रथा/भ्रामक विज्ञापन	10000
18	सीकर्स एजुकेशन सर्विसेज़	भ्रामक विज्ञापन	50000
19	कॉस्मो स्किन सेंटर	भ्रामक विज्ञापन	100000
20	अलकारी देवी हॉस्पिटल	भ्रामक विज्ञापन	50000
21	सनफ्लेम एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड	भ्रामक विज्ञापन	100000
22	आईक्यूआरए आईएएस	भ्रामक विज्ञापन	100000
23	अनएकेडमी यूपूएससी	भ्रामक विज्ञापन	100000
24	बायजस आईएएस	भ्रामक विज्ञापन	1000000
25	योजना आईएएस	भ्रामक विज्ञापन	300000
26	एएलएस आईएएस	भ्रामक विज्ञापन	1000000
27	वीडीके एडुवेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड (दृष्टि आईएएस)	भ्रामक विज्ञापन	300000
28	राउज़ आईएएस	भ्रामक विज्ञापन	100000
29	धुआधार ऑयल	भ्रामक विज्ञापन	1000000
30	अजय विजन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड	भ्रामक विज्ञापन	300000
31	लोहिया रिटेल्स	भ्रामक विज्ञापन	50000
32	मर्करी हेल्थ	भ्रामक विज्ञापन	100000
33	वेस्टर्न एज	भ्रामक विज्ञापन	100000
34	सुएर्टे कॉस्मेटिक साइंस	भ्रामक विज्ञापन	50000
35	शेठ ब्रदर्स	भ्रामक विज्ञापन	50000
36	अन्वी स्टेशनरी	उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन/ भ्रामक विज्ञापन	500
37	ज़ूबी मोवाक	उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन/ भ्रामक विज्ञापन	50000
38	सेंसोडाइन	भ्रामक विज्ञापन	1000000
39	पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	भ्रामक विज्ञापन	500000
40	एनालॉग आईएएस एकेडमी	भ्रामक विज्ञापन	100000
41	चहल आईएएस एकेडमी	भ्रामक विज्ञापन	100000
42	एपीटीआई प्लस एकेडमी(आईएएस)	भ्रामक विज्ञापन	100000
43	वाजीराव एंड रेड्डी इंस्टीट्यूट(आईएएस)	भ्रामक विज्ञापन	700000
44	शंकर आईएएस एकेडमी	भ्रामक विज्ञापन	500000

45	हिंदवेयर अप्लायंसेज	भ्रामक विज्ञापन	100000
46	खान स्टडी ग्रुप (केएसजी)	भ्रामक विज्ञापन	500000
47	श्रीराम आईएएस	भ्रामक विज्ञापन	300000
48	मैसर्स फायर एंड पर्सनल सेफ्टी एंटरप्राइज	भ्रामक विज्ञापन	100000
49	आसुस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	भ्रामक विज्ञापन	500000
50	वीएलसीसी हेल्थकेयर लिमिटेड	भ्रामक विज्ञापन	300000
51	काया लिमिटेड -कूलस्कल्पटिंग	भ्रामक विज्ञापन	300000
52	वीडीके एडुवेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड (दृष्टि आईएएस 2023)	भ्रामक विज्ञापन	500000
53	मलुका आईएएस	भ्रामक विज्ञापन	300000
54	अनुजजिंदल कोचिंग प्लेटफॉर्म	भ्रामक विज्ञापन	300000
55	एडुटैप कोचिंग प्लेटफॉर्म	भ्रामक विज्ञापन	300000
56	आईआईटी प्रशिक्षण - पुणे	भ्रामक विज्ञापन	300000
57	अभिमनु विजन्स (ई) प्राइवेट लिमिटेड	भ्रामक विज्ञापन	800000
58	शुभ्रा रंजन आईएएस	भ्रामक विज्ञापन	200000
59	अजय विजन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड	भ्रामक विज्ञापन	1100000
60	रोपेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड	भ्रामक विज्ञापन	1000000
61	एज आईएएस	भ्रामक विज्ञापन	100000
62	दीक्षांत आईएएस	भ्रामक विज्ञापन	800000
63	स्टडीआईक्यू आईएएस	भ्रामक विज्ञापन	700000
64	फार्मईज़ी	अनुचित व्यापार प्रथा/ भ्रामक विज्ञापन	200000
65	एनरूट्स होराइजन प्राइवेट लिमिटेड	भ्रामक विज्ञापन	50000
66	वोल्टे मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड	भ्रामक विज्ञापन	200000
67	फर्स्टक्राई इंडिया	अनुचित व्यापार प्रथा/ भ्रामक विज्ञापन	200000
68	ज़ेप्टो मार्केटप्लेस प्राइवेट लिमिटेड	अनुचित व्यापार प्रथा/ भ्रामक विज्ञापन	700000
69	कैफे ब्लू बॉटल	अनुचित व्यापार प्रथा/ भ्रामक विज्ञापन	30000
70	चाइना गेट रेस्टोरेंट प्राइवेट लिमिटेड	अनुचित व्यापार प्रथा/ भ्रामक विज्ञापन	50000
71	फ्लिपकार्ट प्राइवेट लिमिटेड (वॉकी टॉकी)	अनुचित व्यापार प्रथा/ भ्रामक विज्ञापन	1000000

72	जियोमार्ट पर वॉकी टॉकी की बिक्री	भ्रामक विज्ञापन	100000
73	अमेज़न सेलर्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (वॉकी टॉकी की बिक्री)	अनुचित व्यापार प्रथा/ भ्रामक विज्ञापन	1000000
74	चिमिया (वॉकी टॉकी की बिक्री)	भ्रामक विज्ञापन	100000
75	मास्कमैन टॉयज़	अनुचित व्यापार प्रथा/भ्रामक विज्ञापन	100000
76	मीशो प्राइवेट लिमिटेड	अनुचित व्यापार प्रथा/भ्रामक विज्ञापन	1000000
77	टॉक प्रो (वॉकी टॉकी केस)	अनुचित व्यापार प्रथा/भ्रामक विज्ञापन	100000
78	मेटा इंडिया	अनुचित व्यापार प्रथा/भ्रामक विज्ञापन	1000000
	कुल		**25740500**

*****